इंडोनेशिया BRICS में शामिल हुआ

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में **इंडोनेशिया** आधिकारिक तौर पर **10 वें सदस्य** के रूप में [BRICS] समूह में शामिल हो गया है।

BRICS:

- **परिचय:**
  - BRICS विश्व की **10 उभरती अर्थव्यवस्थाओं** का एक **अंतर-सरकारी अनौपचारिक समूह** है।
  - BRICS मूल संस्थापक सदस्यों में **ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन** शामिल हैं, जिनमें **दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2010 में शामिल** हुआ।
  - वर्ष 2024 में **ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), मिस्र, इथियोपिया** और **सऊदी अरब** भी इसके सदस्य बन गए।
    - शुरू में अर्जेंटीना के वर्ष 2024 में इस समूह में शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन [बाद में उसने ऐसा न करने का निर्णय] लिया।
  - पहला **ब्रिक शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस** में आयोजित किया गया था।
- **महत्त्व:**
  - **आर्थिक प्रभाव:** इंडोनेशिया की सदस्यता से पहले, BRICS **वैश्विक [सकल घरेलू उत्पाद] का 35%** और **विश्व की 46% आबादी का प्रतिनिधित्व** करता था।
  - **G7 का प्रतिसंतुलन:** इसका उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रभाव को मज़बूत करना और [G7] **जैसी पश्चिमी नेतृत्व वाली वैश्विक वित्तीय प्रणाली के प्रभुत्व का मुकाबला करना है।**
- **BRICS के लिये भावी एजेंडा:**
  - अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन में **अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करना, स्थानीय मुद्राओं को मजबूत करना और गैर-डॉलर लेन-देन को बढ़ावा देना,** जिससे वैश्विक व्यापार और वित्त को संभावित रूप से नया स्वरूप मिल सकेगा।
  - इसका उद्देश्य [IMF] और [संयुक्त राष्ट्र] जैसी **वैश्विक संस्थाओं में अधिक समानता, समावेशिता और सुधार** को बढ़ावा देना है।

//



और पढ़ें: 16वाँ BRICS शिखर सम्मेलन और भारत-चीन सीमा समझौता

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indonesia-joined-brics